हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 26 मई 2026



# उर्वरक के अवैध भंडारण पर एक्शन, दो दुकानें सील, 613 बैग खाद जब्त

## कलेक्टर के निर्देश पर प्रशासनिक टीम ने दस्तक देकर किया औचक निरीक्षण, की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खरीफ सीजन की खेती में जुटे किसानों को इस समय सबसे अधिक जरूरत खाद की है। ऐसे में खाद की कालाबाजारी के मामले भी बढ़ जाते हैं। जिसको देखते अब प्रशासन की टीम भी एक्टिव हो गई है। ऐसे ही एक मामले में प्रशासन ने डोंगरगढ़ के मुसराखुर्द स्थित एक उर्वरक गोदाम में छापा मारते कार्रवाई की है। इस दौरान बगैर ओ-फार्म लाइसेंस के भंडारित किए गए 450 बैग को जब्त किया गया। वहीं गोदाम को सील भी कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में किसानों को सहकारी एवं निजी क्षेत्रों से आवश्यक मात्रा में उर्वरकों का सुगमता एवं पारदर्शिता के साथ वितरण सुनिश्चित करने तथा उर्वरकों की अवैध जमाखोरी एवं कालाबाजारी पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से कृषि एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा लगातार औचक निरीक्षण एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 25 मई को विकासखंड डोंगरगढ़ अंतर्गत ग्राम मुसराखुर्द स्थित मेसर्स लोधी कृषि केन्द्र के परिसर एवं गोदाम का संयुक्त टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गोदाम परिसर में 450 बैग यूरिया उर्वरक बिना ओ-फार्म लाइसेंस में दर्ज कराए भंडारित पाया गया। उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के खंड-8 का उल्लंघन पाए जाने पर उक्त 450 बैग यूरिया को जब्त कर गोदाम को सील करने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान प्रशासनिक अफसरों की मौजूदगी रहीं।

### कारण बताओ नोटिस जारी

उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के विभिन्न प्रावधानों के उल्लंघन के संबंध में संबंधित विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। आवश्यक दस्तावेज एवं साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए जाने की स्थिति में नियमानुसार आगामी कठोर कार्रवाई की जाएगी। कृषि विभाग द्वारा जिले में उर्वरक विक्रय केन्द्रों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है, ताकि किसानों को उचित मूल्य पर गुणवत्तायुक्त एवं पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध हो सके तथा कालाबाजारी एवं अवैध भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण बनाया जा सके।



### मोहारा में भी कार्रवाई

डोंगरगढ़ के मुसराखुर्द के बाद प्रशासनिक टीम ने ग्राम मोहारा स्थित मेसर्स महादेव कृषि केन्द्र का भी उर्वरक निरीक्षक द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पॉश मशीन एवं भौतिक स्टॉक में अंतर पाए जाने पर केन्द्र में भंडारित 36 बोरी यूरिया, 28 बोरी डीएपी एवं 99 बोरी एनपीके 28:28:0 उर्वरक को उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 की धारा 28(1)(डी) के तहत जब्त कर विक्रय परिसर को सील किया गया। वहीं नांदगांव ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सुकुलदैहान स्थित मेसर्स राजा कृषि केन्द्र के औचक निरीक्षण के दौरान 900 बोरी यूरिया बिना ओ-फार्म लाइसेंस में दर्ज कराए भंडारित पाया गया। उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 की धारा 28(1) के तहत उक्त उर्वरक को जब्त कर केन्द्र पर 21 दिवस के लिए विक्रय प्रतिबंध लगाते परिसर को सील किया गया।

## खबर संक्षेप

### अवैध रूप से शराब बिक्री, पकड़ा गया

**राजनांदगांव।** बाइक में शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है। आरोपी से शराब एवं वाहन जब्त किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार तुमडीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 25 मई को मुखबीर से सूची मिली कि ग्राम मचानपार केसला रोड सब्जी बाड़ी के पास एक व्यक्ति अपनी मोटर साइकिल से अवैध रूप शराब विक्रय कर रहा।

सूचना पर मौके पहुंचकर नाकाबंदी करने पर मोटर साइकिल टीवीएस एक्सल में मिला, जो नाम पूछने पर आरोपी ने अपना नाम नारायण बंधे 51 साल मचानपार बताया। जिसके कब्जे से एक पीले रंग के थैले में रखे 18 पौवा देशी मदिरा कीमती 1560 रुपए तथा बिक्री रकम 250 रुपए को जब्त किया गया। घटना में प्रयुक्त टीवीएस एक्सल को भी जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ मौके पर अपराध धारा-34(1) आबकारी एक्ट की अपराध कायम कर विधिवत कार्रवाई करते आरोपी को गिरफ्तार कर जमानत मुचलके पर छोड़ा गया है तथा आरोपी द्वारा हंगामा करने पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।

## जिले में सात सौ बंद घर मिले, इन घरों की एंट्री में आ रही दिक्कतें

# 1592 ब्लॉक में कार्य पूरा, सिर्फ 16 बाकी
# बंद घरों में दोबारा दस्तक दे रहे प्रगणक


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जनगणना 2027 के पहले चरण का काम जिले में समापन की ओर है। जिले के 2.99 लाख घरों तक प्रगणकों ने दस्तक देकर जानकारी जुटा ली है। अब महज राजनांदगांव नगर निगम क्षेत्र के ही 16 ब्लॉक शेष रह गए हैं। इस दौरान करीबन 700 घर बंद पाए गए थे, जहां अब प्रगणक दोबारा दस्तक देकर जानकारी जुटाने की कोशिश कर रहे हैं। मकानों से पूरी जानकारी जुटाने के बाद अब प्रगणक नक्शा तैयार कर जमा करने की तैयारी में हैं।

उल्लेखनीय है कि देशभर के साथ ही जिले में भी 1 मई से मकानों की गणना का काम शुरू किया गया था। इसे पूरा करने के लिए 30 मई तक का समय तय है, लेकिन राजनांदगांव जिले ने तय समय से 10 दिन पहले ही लगभग पूरा काम निपटा लिया है। पहले चरण के बाद दूसरे चरण में नागरिकों की व्यक्तिगत जानकारी ली जाएगी। जिसकी शुरूआत अगले साल फरवरी 2027 में होगी। इससे पहले 15 से 30 अप्रैल तक लोगों को स्व-गणना की सुविधा भी दी गई थी।

### खास बातें

- एक मई से शुरु हुए जनगणना के पहले चरण की 31 तक अवधि
- गांव में काम पूरा सिर्फ शहर के ही 16 ब्लॉक बाकी



### जिले में 2.99 लाख मकान

जिले में मकानों की गणना के लिए प्रशासन द्वारा कुल 1608 गणना ब्लॉक बनाए गए थे। जिनमें 2200 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ताजा अपडेट के अनुसार जिले के 1608 ब्लॉकों में से अब महज 16 ब्लॉकों में ही काम बाकी रह गया है। ग्रामीण इलाकों में काम पूरी तरह सिमट चुका है, जो 16 ब्लॉक बाकी बचे हैं। वे सभी राजनांदगांव नगर निगम क्षेत्र के हैं। प्रशासन इन ब्लॉकों में भी काम को जल्द से जल्द शत-प्रतिशत पूरा करने में जुटा है, जिन ब्लॉक में काम पूरा हो गया है, वहां अब इन ब्लॉक के प्रगणक मैपिंग तैयार करने के काम में जुट गए हैं। ज्ञात हो कि जिले के कुछ ब्लॉकों में अनुमानित मकान संख्या के लक्ष्य से अधिक नए मकानों भी दर्ज किए गए हैं।

### बंद घर बने काम में बाधा

शहर में करीबन सात सौ घर सर्वे के दौरान बंद पाए गए थे। इन मकानों के चलते ही शहर के 16 ब्लॉक का काम पूरा नहीं हो पा रहा है। अब इन घरों में प्रगणक दोबारा दस्तक देंगे। वहीं यदि इसके बाद भी घर में कोई नहीं मिला तो पड़ोसियों से पूछकर जानकारी जुटाने की कोशिश की जाएगी। इसके बाद भी जानकारी नहीं मिली तो अंतिम रिपोर्ट में बंद घर ही दर्ज कर दिया जाएगा।

### इन सवालों के पूछे गए जवाब

सर्वेक्षण के दौरान प्रगणक जब घरों में पहुंच रहे हैं तो वे मुख्य रूप से मकान की स्थिति, बुनियादी सुविधाओं, ईंधन रसोई गैजेट्स, वाहन और अनाज से जुड़ी जानकारियां जुटा रहे हैं। इसमें घर के स्वामित्व की स्थिति, उसका उपयोग, फर्श, दीवार और छत में इस्तेमाल की गई सामग्री, कमरों की संख्या और परिवार के मुखिया का लिंग शामिल है। इसके साथ ही पीने के पानी और रोशनी का मुख्य स्रोत, शौचालय की उपलब्धता, अपशिष्ट जल निकासी और स्नान सुविधा के बारे में भी पूछा जा रहा है। घरों में रसोईघर की उपलब्धता एलपीजी या पीएनजी कनेक्शन और खाना पकाने के मुख्य ईंधन की जानकारी भी ली जा रही है। इसके अलावा घर में उपलब्ध साधन जैसे रेडियो, टीवी, इंटरनेट, लैपटॉप, कम्प्यूटर, टेलीफोन, मोबाइल फोन, वाहन का प्रकार और उपभोग किया जाने वाला मुख्य अनाज व मोबाइल नंबर जैसी जानकारियां भी एकत्र की जा रही है।

# नौतपा में दो दिन हीटवेव का अलर्ट, फिर राहत के आसार, बारिश के संकेत

- राजनांदगांव, केसीजी के साथ एमएमसी जिले के लिए भी अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोमवार को नौतपा की शुरूआत हो चुकी है। नौतपा के पहले दिन अंचल का अधिकतम तापमान 46.5 डिग्री से अधिक पर रहा। जिसके चलते दिनभर लोगों को तपती गर्मी का सामना करना पड़ा। अगले दो दिन अंचल में हीटवेव को लेकर आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि इसके बाद बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी के चलते आने वाले दिनों में राहत के संकेत मिले है। अंचल में इस बदलाव के चलते हल्की बारिश देखने को मिल सकती है। वहीं अधिकतम तापमान में भी हल्की गिरावट संभव है।

इधर मौसम विभाग के अनुसार एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण वर्तमान में दक्षिण बिहार और उसके आसपास के क्षेत्रों में स्थित है। इसके अलावा एक द्रोणिका दक्षिण बिहार से लेकर उत्तर तटीय आंध्रप्रदेश तक 0.9 किलोमीटर की ऊंचाई तक विस्तारित है। इन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण बंगाल की खाड़ी से प्रदेश में नमी का आगमन प्रारंभ हो गया है। जिससे मौसम में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। इस नमी के प्रभाव से प्रदेश में कल 26 मई को एक या दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की प्रबल संभावना है। हालांकि पूरे प्रदेश के अधिकतम तापमान में कोई विशेष या अचानक परिवर्तन होने की संभावना नहीं है, किन्तु अधिकतम तापमान में हल्की गिरावट जरूर संभावित है। इस गिरावट से नौतपा की भीषण गर्मी का सामना कर रहे लोगों को कुछ हद तक राहत मिल सकती है।

**पारा पहुंचा 46.5 डिग्री पर:** गर्मी के इस दौर में राजनांदगांव जिले के तापमान में भी मामूली कमी दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजनांदगांव जिले का रविवार को अधिकतम तापमान 45.5 डिग्री था, जो सोमवार को बढ़कर 46.5 डिग्री पर रहा। बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी और संभावित बारिश के कारण आने वाले समय में जिलेवासियों को लू और तेज धूप से और अधिक राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# 52 पत्ती पर दांव लगाते पकड़े गए जुआरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

गांव के तालाब पार में बैठकर कुछ लोग जुआ खेल रहे थे। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आरोपियों को पकड़ा। जिनसे ताश पत्ती एवं नगदी रकम जब्त कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत 24 मई को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बीरूटोला स्थित सुहावन तालाब के पार में कुछ व्यक्ति रुपए-पैसों का दांव लगाकर 52 पत्ती ताश से मोमबत्ती की रोशनी में हार-जीत का जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना छुईखदान पुलिस द्वारा मौके पर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी संतोष कुमार यादव 34 वर्ष, हरिराम वर्मा 48 वर्ष, कपिल वर्मा 36 वर्ष, कोमल वर्मा 28 वर्ष व रामरतन जंघेल 30 वर्ष के कब्जे एवं फड़ से कुल नगदी रकम 2420 रुपए, 52 पत्ती ताश एवं अधजली मोमबत्ती जब्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत कार्रवाई की गई।

## स्कूल के पीछे सजी थी जुए की फड़ पुलिस की दबिश में पांच पकड़े गए



**राजनांदगांव।** गांव के स्कूल के पीछे कुछ लोग एकत्र होकर जुआ खेल रहे थे। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर पांच आरोपियों को पकड़ा। जिनसे ताश पत्ती नगदी सहित अन्य सामान बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चौथना प्राथमिक स्कूल के पीछे एकत्र होकर कुछ लोग जुआ खेल रहे थे। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। इस दौरान आरोपी सेवक साहू, कुशल साहू, महेंद्र कंडरा, धनेश कंडरा एवं महेत्तर कंडरा सभी निवासी ग्राम चौथना को जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़ा गया था। इस संबंध में थाना डोंगरगढ़ में धारा 3(1) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई की जा रही है। आरोपियों के विरुद्ध पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किया गया। आरोपियों से नगदी रकम सहित अन्य सामग्री बरामद की गई है।

# घर का ताला तोड़कर नकदी चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



घर का ताला तोड़कर नकदी रकम चोरी के मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया कुंतीबाई 65 वर्ष निवासी भगत सिंह चौक वार्ड क्रमांक 19 थाना डोंगरगढ़ द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 22 मई को अपने घर में ताला लगाकर अपने लड़के अनूप बाघ सहपरिवार बाहर गई हुई थी। 23 मई को सुबह लगभग 7 बजे वापस घर आने पर देखा कि घर के सामने दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर रखी आलमारी का लॉकर टूटा मिला। अज्ञात चोर द्वारा आलमारी में रखे नगदी रकम 60,000 रुपए चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में धारा 331(4), 305 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

मामले में पुलिस टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी की गई। विवेचना के दौरान संदेह के आधार पर आरोपी जेद अहमद 19 वर्ष व पिंकू फरकुंडे 19 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ के दौरान अपराध करना स्वीकार किया गया। आरोपियों के कब्जे से चोरी की रकम बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

# पशु तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मवेशी तस्करी के मामले में फरार आरोपी की पतासाजी कर पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी द्वारा बताया गया कि वह 14 मई को रात्रि 12 बजे खाना खाकर अपने दोस्त के साथ टहल रहा था, तब देखा कि एक व्यक्ति रोड में बैठे घुमंतू मवेशी को हाकते हुए भाटापारा तालब के पास इकठ्ठा कर रहा है। उसे संदेह हुआ कि यह मवेशी तस्कर है, जो घुमंतू मवेशी को इकठ्ठा कर रहा है, तब डायल-112 को फोन कर मवेशी तस्करी के संबंध में सूचना दिया। उसी दौरान एक सिल्वर रंग की महिन्द्रा एक्सयूव्ही 500 कार अपनी गाड़ी को भाठापारा तालब के पास ग्राम अमलीडीह के पास ले जाकर खड़ा कर दिया। उसके कुछ समय बाद एक लाल रंग की प्लेटिना से एक व्यक्ति आया, जो पहले मवेशियों को इकठ्ठा कर रहा था। वही व्यक्ति अपना मोटर साइकिल को वहीं महिन्द्रा एक्सयूव्ही 500 कार के पास खड़ा कर वहां पर इकठ्ठा मवेशी को एक्सयूव्ही 500 कार में सवार लोगों के साथ गौवंश को गाड़ी में तस्करी करने के उद्देश्य बिना चारा-पानी के ठूंस-ठूंसकर क्रूरतापूर्वक गाड़ी में भर रहे थे।

### पुलिस देखकर भाग गए थे

कुछ ही समय में डायल 112 गाड़ी का बत्ती देखकर वे लोग गौवंश 2 नग गाय, 2 नग बछिया व महिन्द्रा एक्सयूव्ही 500 कार तथा मोटर साइकिल को छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर वहां से भाग गए, जिसे बरामद कर धारा छग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10, पशुक्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत कार्रवाई किया गया। पूछताछ करने पर आरोपी खूबलाल साहू 37 वर्ष द्वारा घटना कारित करना स्वीकार करने से ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

## सदस्य बनाने के लिए देने होंगे 75 रुपए, नामांकन भरने लगेंगे 7500 रुपए

# युवा कांग्रेस चुनाव: जिला अध्यक्ष के साथ चुने जाएंगे ब्लॉक अध्यक्ष भी, 29 से शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले सहित पूरे छत्तीसगढ़ में युवा कांग्रेस चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। राजनांदगांव में ब्लॉक और जिला स्तर के साथ ही प्रदेश स्तर की नई टीम के गठन के लिए 29 मई से नामांकन प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। युवा कांग्रेस की टीम में महासचिव, उपाध्यक्ष के साथ ही सचिव के पद भी भरे जाएंगे।

जिले के युवा नेता जो ब्लॉक और जिला कमेटियों में पद पाना चाहते हैं, वे 29 मई से 13 जून तक अपना नामांकन भर सकेंगे। वहीं प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश कार्यकारिणी के लिए 11 से 13 जून तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन के बाद 15 से 18 जून तक स्क्रूटनी की प्रक्रिया चलेगी। जिसके बाद सदस्यता अभियान और चुनाव प्रक्रिया एक साथ पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम से संपन्न होगी। राजनांदगांव के युवाओं को युवा कांग्रेस में सदस्य बनने और चुनाव लड़ने के लिए 18 से 35 साल की उम्र सीमा तय की गई है। आवेदन करने वाले युवाओं को अपना लाइव फोटो वोटर आईडी कार्ड और उम्र संबंधी दस्तावेज डिजिटल रूप से अपलोड करने होंगे। इसके अलावा आवेदन के साथ 8 सेकंड का वीडियो भी अपलोड करना अनिवार्य किया गया है। जिसमें आवेदक को खुद आवेदन से जुड़ी जानकारी देनी होगी। चुनाव संचालन के लिए प्रदेश को पांच जोन में बांटा जाएगा और प्रत्येक जोन में नियुक्त अधिकारियों की देखरेख में पारदर्शी तरीके से चुनाव होंगे।

### इन नेताओं के नाम

युवा कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए प्रमुख रुप से अमर झा, त्रिषी शास्त्री, विप्लव शर्मा, विशु अजमानी, राजा यादव के नाम सामने आ रहे है। इसके अलावा प्रदेश महासचिव पद के लिए भी शहर से कई युवा नेता अपनी किस्मत अजमा रहे है। वहीं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनने के लिए नाम सामने आ रहे है।

**एक व्यक्ति एक पद:** पूरी चुनाव प्रक्रिया में एक व्यक्ति एक पद का नियम सख्ती से लागू रहेगा। राजनांदगांव का कोई भी उम्मीदवार सिर्फ एक पद के लिए ही नामांकन दाखिल कर सकेगा और ऐसा करते ही वह अपने पुराने पद से मुक्त माना जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश महामंत्री जैसे अहम पदों पर नियुक्ति दिल्ली में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के सामने होने वाले इंटरव्यू और राष्ट्रीय नेतृत्व की मंजूरी के बाद ही तय की जाएगी। चुनाव के साथ-साथ पदाधिकारियों को राजनांदगांव जिले में संगठन की सदस्यता बढ़ाने का लक्ष्य भी दिया गया है। जिससे जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूती मिल सके।

**समिति में होंगे 14 सदस्य :** घोषित सदस्यता और नामांकन मॉडल के अनुसार राजनांदगांव जिला अध्यक्ष की कमेटी में कुल 14 सदस्य होंगे। अध्यक्ष पद के लिए न्यूनतम 20 वोट की आवश्यकता होगी। इस कमेटी में अध्यक्ष के अलावा उपाध्यक्ष के पद ओपन वर्ग के साथ-साथ महिला अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी, अल्पसंख्यक और शारीरिक रूप से दिव्यांग वर्ग के लिए निर्धारित किए गए हैं। इसी तरह जिला स्तर पर महासचिव की 23 सदस्यीय कमेटी भी चुनी जाएगी। जिसमें समाज के हर वर्ग को प्रतिनिधित्व दिया जाएगा।



## खबर संक्षेप

### प्रचार में जुटे पिछड़ा वर्ग के नेता



**घुमका।** नगर में पहली बार हो रहे नगर पंचायत चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। अध्यक्ष पद की भाजपा प्रत्याशी किरण वर्मा सहित पार्षद पद के प्रत्याशियों के पक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री बीरेन्द्र सोनी, जिला अध्यक्ष दिलीप साहू के मार्गदर्शन में जिला महामंत्री पवन निर्मलकर सहित अन्य प्रचार में जुटे हैं। श्री निर्मलकर ने बताया कि भाजपा प्रत्याशियों को अच्छा जनसमर्थन मिल रहा है। चुनाव प्रचार में मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष खोरबाहरा सिन्हा, डॉ. भूपेन्द्र वर्मा, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र सिन्हा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लालाराम देवांगन आदि जुटे है।

### बैठक में संगठन मजबूती पर चर्चा



**डोंगरगढ़।** बेलगांव में भाजपा शक्ति केंद्र की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं जनसंपर्क अभियान को गति देने पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रभारी जीवन वर्मा उपस्थित थ। संयोजक मुरली गेडाम ने कार्यकर्ताओं को संगठन की गतिविधियों एवं आगामी योजनाओं की जानकारी दी। छविन साहू, शेखर साहू, प्रकाश अग्रवाल, धर्मचंद वर्मा तीरथ पटेल एवं कौशल चंद्रवंशी ने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति के अनुरूप कार्य करने तथा ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करने का आव्हान किया। बैठक में योगेश साहू, इतवारी कंवर, जागेश्वर साहू, बाबूलाल वर्मा, सहदेव साहू, राजलाल वर्मा, धर्मेंद्र पटेल, विष्णु खरे सहित अन्य शामिल हुए।

### प्रतीक्षालय निर्माण के लिए भूमि आवंटित



**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत पिपरिया के आश्रित ग्राम माटेकटा में लंबित मुक्तिधाम सह प्रतीक्षालय निर्माण के लिए भूमि आबंटन हुआ है। जमीन के नहीं होने से कई वर्षों से यह कार्य लंबित था। सरपंच ईश्वरी ठाकुर एवं पंचों ने जमीन के लिए अनुविभागीय अधिकारी एवं कलेक्टर को आवेदन सौंपा था। पंचायत प्रतिनिधियों के सतत प्रयास के बाद कलेक्टर ने माटेकटा स्थित शासकीय चारागाह की भूमि में से 0.024 हेक्टेयर भूमि को मुक्तिधाम निर्माण के लिए आबंटित किया है। भूमि आवंटन के बाद मुक्तिधाम सह प्रतीक्षालय निर्माण आगे बढ़ सकेगा। जमीन आबंटन के लिए सरपंच श्रीमती ठाकुर एवं पंचों ने विधायक दलेश्वर साहू एवं कलेक्टर का आभार व्यक्त किया है। गत दिनों सरपंच श्रीमती ठाकुर एवं पंचों ने विधायक को पुष्पगुच्छ प्रदान कर आभार व्यक्त किया।

### कांग्रेसजन मिले विधायक से



**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल से उनके निवास में असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमधा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विधायक को विभिन्न सामाजिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों हेतु आमंत्रित किया। विधायक श्रीमती बघेल ने सभी का स्वागत करते हुए संगठन की मजबूती एवं जनहित के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने की बात कही।

### विष्णु लोधी को मिला वार्ड का प्रभार



**डोंगरगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव विष्णु लोधी को घुमका नगर पंचायत चुनाव में वार्ड प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हे संगठनात्मक अनुभव, कार्यकर्ताओं से बेहतर समन्वय एवं जनसंपर्क क्षमता के आधार पर यह जिम्मेदारी दी गई है। जिम्मेदारी सौंपने के लिए श्री लोधी ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज एवं जिला अध्यक्ष विपिन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### जुआ खेलते पांच आरोपी गिरफ्तार



**डोंगरगढ़।** पुलिस ने जुआ खेलते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गत 24 मई को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम चौथना में कुछ लोग रुपए का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी और पांच लोगों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथ पकड़ा। पुलिस ने सेवक साहू पिता टेंदार साहू, करन साहू पिता गोविंद साहू, महेंद्र केंवड़ा पिता टेंदार केंवड़ा, धरीलाल केंवड़ा पिता कोताराम केंवड़ा तथा मेहतार केंवड़ा पिता देवकरण केंवड़ा निवासी ग्राम चौथना को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नगदी रकम एवं जुआ खेलने में प्रयुक्त सामग्री जब्त किया है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस एवं जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## जैन समाज के लोगों ने निकाली आक्रोश रैली, सुरक्षा की मांग

# जैन साधुओं पर हमले का विरोध, सौंपा ज्ञापन

## रीवा की घटना को लेकर गहरी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

जैन साधु-संतों की सुरक्षा को लेकर सकल जैन समाज ने सोमवार को नायब तसीलदार सतपाल यादव को ज्ञापन सौंपा। समाज ने हाल ही में रीवा में विहाररत आर्यिका माता के साथ हुई घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इस मामले की उच्चस्तरीय जांच और संतों के लिए विशेष सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू करने की मांग की है।

जैन समाज ने ज्ञापन में स्पष्ट किया है कि आर्यिका और संघ की अन्य आर्थिकाओं के असामयिक निधन की घटना को केवल सामान्य सड़क दुर्घटना न माना जाए। उपलब्ध तथ्यों, परिस्थितियों और वीडियो क्लिप्स के आधार पर मामले की क्ष एसआईटी से जांच कराने, सुनियोजित कृत्य अथवा षड्यंत्र के तथ्य सामने आने पर सख्त कार्रवाई करने का आग्रह किया।

### सुरक्षा प्रोटोकाल लागू करने की मांग

जैन साधु- साध्वियों के साथ हो रही घटनाओं को देखते हुए जैन समाज ने अपने ज्ञापन में संत सुरक्षा प्रोटोकॉल और राष्ट्रीय नीति बनाने, जैन संतों के सुरक्षित विहार के लिए प्रशासनिक समन्वय, संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस का सहयोग, ट्रैफिक नियंत्रण और हाईवे पर चेतावनी संकेतक प्रभाव से लागू करने की मांग की है।




### मौन में दिखा आक्रोश

सुबह पूजन, अभिषेक और शांतिधारा के बाद जैन समाज के लोगों ने एकत्रित होकर जैनाचार्य विद्यासागर महाराज की शिष्या आर्यिका सिद्धांतमति, आर्यिका पुनीत मति और आर्यिका विनयमति के सानिध्य में मौन रैली निकाला। रैली में युवाओं के साथ महिलाएं और बच्चों ने भी शामिल होकर धर्म के संवाहक संतो और साध्वियों की सुरक्षा के लिए अपनी भावना प्रकट की। रैली जैन मंदिर निकलकर पुराने बस स्टैंड होते हुए रेस्ट हाऊस पहुंची जहां प्रधानमंत्री के नाम का ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा गया।

### जनप्रतिनिधियों ने दिया समर्थन

इस अवसर पर विधायक दलेश्वर साहू, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, कांग्रेस नेता देशराज जैन, पार्षद प्रियंक जैन, प्रफुल्ल जैन, मंडल भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल, रामकुमार गुप्ता आदि ने जैन समाज की मांग का समर्थन किया। इस मौके पर सतीश जैन, प्रबोध जैन, राहुल राही, दिनेश नखत, शीतल लोढ़ा, ऋषभ जैन, जिला महिला मोर्चा की कोषाध्यक्ष हिना जैन, पुष्पा कोचर, पिंकी लोढ़ा, प्रीति, सुनीता, अनुज जैन, शैलेष जैन, रेखा जैन, अरुण जैन, अखिलेश नखत, रौशन यदु, प्रमोद जैन, धर्मेन्द्र जैन, सुनील जैन, ललित लोढा, रमन नाहटा, राकेश लोढा, संदीप लोढ़ा, निखिल जैन, संदीप जैन, दिलीप जैन, वकील, अजित जैन, आलोक जैन, सौरभ, योगेश जैन, रितेश जैन, राकेश जैन सहित अन्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### साधुओं की सुरक्षा के लिए सौंपा ज्ञापन

**छुईखदान।** जैन साधु-संतों की सुरक्षा को लेकर जैन समाज ने अनुविभागीय अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर विशेष सुरक्षा व्यवस्था, राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति लागू करने तथा आर्यिका दुर्घटना प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। जैन समाज ने ज्ञापन में कहा कि हाल ही में दुखद घटना में आर्यिकाओं का असामयिक निधन हो गया। समाज का कहना है कि इस घटना सामान्य सड़क दुर्घटना नहीं माना जा सकता। वीडियो क्लिपों देखने से कई गंभीर आशंकाएँ उत्पन्न हो रही है जिसकी उच्चस्तरीय जांच आवश्यक है। ज्ञापन में बताया गया कि जैन साधु-संत पूर्णतः अहिंसक होने के साथ पैदल विहार करते हैं। किसी प्रकार की सुविधाओं का उपयोग नहीं करते हुए शांति, संयम और अहिंसा का संदेश फैलाते हैं। ऐसे संतों के साथ हो रही घटनाओं और हमले से समाज चिंता में है। जैन समाज ने मामले की न्यायिक जांच, घटना से जुड़े सभी साक्ष्यों को सुरक्षित रखने तथा दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबी उपस्थित थे।





### विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच

**जालबांधा।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में गत दिनों रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता एवं वाणिज्य विभागाध्यक्ष संजय देवांगन के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. गुप्ता ने रेडक्रॉस ध्वज फहराकर किया। उन्होंने रेडक्रॉस की स्थापना, उद्देश्य एवं आपदा के समय उसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। वाणिज्य विभागाध्यक्ष श्री देवांगन ने छात्रों को सामाजिक सेवा एवं रक्तदान के महत्व से अवगत कराया। इस दौरान निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों ने छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन एवं वजन की जांच की। छात्रों को प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वस्थ जीवनशैली की जानकारी दी गई। व्यक्तिगत स्वच्छता एवं आपदा के दौरान रेड क्रॉस की भूमिका विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

# सालों से पट्टा के इंतजार में लोग, बढ़ा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

पालिका क्षेत्र में पट्टा के सालों से प्रकरण के लंबित रहने पर नागरिकों का आक्रोश खुलकर सामने आने लगा है। विनायक राव के नेतृत्व में नागरिकों ने कलेक्टर से मुलाकात कर पट्टा संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने पट्टा को लेकर बरती जा रही प्रशासनिक उदासीनता पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

पार्षद राव ने कहा कि पट्टा अधिकार अधिनियम 2023 के अंतर्गत पालिका क्षेत्र में पात्र हितग्राहियों को पट्टा प्रदान करने के लिए सर्वे कराए जाने की मांग की जा रही है। गत 6 नवंबर 2024 को सर्वे दल गठन का आदेश भी जारी किया गया था, लेकिन अब तक न सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक की गई और न ही अधिकारियों के पास कोई जानकारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरा मामला कागजों में सीमित हो गया है। ज्ञापन में बताया गया कि जब राजस्व निरीक्षक एवं अन्य से सर्वे की जानकारी मांगी गई तो उन्होंने ऊपर से रोक होने की बात कही, लेकिन यह रोक किस विभाग से लगी है, इसकी जानकारी अधिकारियों को भी नहीं है।



### प्रशासन गंभीर नहीं

पार्षद ने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि सुशासन शिविरों में नागरिक पट्टों के लिए आवेदन जमा कर रहे हैं, किन्तु प्रशासन इसके लिए गंभीर दिखाई नहीं दे रहा है। ज्ञापन में बताया गया कि पट्टा नहीं होने के कारण गरीब परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं के लाभ लेने से वंचित हो रहे हैं। नागरिकों ने सर्वे की वास्तविक स्थिति सार्वजनिक करने, लंबित मामलों का निराकरण तथा पात्र हितग्राहियों को जल्द पट्टा देने की मांग की है। इस अवसर पर विजयराज सिंह चौहान, चंद्रशेखर बोरकर, शुभम खोबरागडे, बादल वालदे, दिनेश साखरे, देवेंद्र वालदे, विशाल जाम्बुलकर, विलास सहारे, नितेश मेश्राम, विवेक वासनिक, हेमंत अम्बादे, अक्षय डोंगरे, परमानंद ऊके, निधि गजभिये, ललिता साखरे, सारिका बड़ोले, योगेश्वरी सांगोडे, वैशाली सहारे, रिया डोंगरे, भूमिका रामटेके, रीना सहारे, अलका साखरे, गीता डोंगरे, माला रामटेके, चंद्रकुमार साखरे, पंकज डोंगरे, विक्रम रामटेके, आशीष टेम्बुलकर, रवि ऊके, किशोर रामटेके, जितेंद्र कोटाँगले, महेंद्र बंसोड़, मनोज अम्बादे, अक्षय सहारे, महेश चंद्रिकापुरे, पायल, गायत्री बड़गे, शशिकला वासनिक, सिमरन मेश्राम, पंकज नारनौरे, सचिन मेश्राम, गणेश गजभिये, मनेश रामटेके, आकाश कुमार, रत्नदीप चंद्रिकापुरे, तरुण अम्बादे, श्याम मेश्राम सहित अन्य उपस्थित थे।

## कैरियर गाईडेंस व सामान्य ज्ञान स्पर्धा आयोजित

# युवाओं को दी उपयोगी जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

दुबेलिया तेली साहू समाज एवं युवा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में प्रयास कैरियर गाइडेंस एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन धमधा के ग्राम पेन्डी में किया गया।

युवाओं के भविष्य को सही दिशा देने और उनकी बौद्धिक क्षमता को तराशने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया था। पेंड्री स्थित समाज के प्रधान कार्यालय में आयोजित सामाजिक समागम में समाज की व्यापक एकजुटता देखने को मिली। आयोजन में छुईखदान, ठाकुरटोला, गंडई, धमधा, दुर्ग, रायपुर, भिलाई,खैरागढ़ एवं नागपुर के सामाजिकजन शामिल हुए। इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष शिव साहू, संतोष साहू, बृजलाल साहू, केशव साहू, सीआर साहू, धर्मपाल साहू, अलखराम साहू, डॉ दिनेश साहू, प्रेमलाल साहू, सत्यपाल साहू, दुर्गाप्रसाद साहू, छन्नूलाल साहू, अवधराम साहू, टेकराम साहू, बद्रीराम साहू, दौऊराम साहू, बसंत साहू, राजकुमार साहू, हेमंत साहू, मनोज साहू, दौलत साहू, पूर्णानंद साहू, भिखारीराम साहू, विष्णु साहू, संतोष साहू, नरसिंह साहू, सालिक साहू, मानक साहू, सदाराम साहू, सहित अन्य उपस्थित थे।



### दुबेलिया समाज की सार्थक पहल

इस दौरान सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं की प्रतिभा को परखा गया वहीं विषय विशेषज्ञों ने प्रयास कैरियर के विभिन्न आयामों और भविष्य की संभावनाओं को लेकर युवाओं को उचित मार्गदर्शन योगेश साहू, पन्नालाल सिन्हा, केसी साहू, डॉ प्रफुल्ल धीवर, पीआर साहू ने दिया। दुबेलिया तेली साहू समाज और केंद्रीय युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतिस्पर्धी दौर में युवाओं को सही राह दिखाना समाज का दायित्व है।

### न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव

**मामले की श्रेणी : राजस्व**

संदर्भ :- जिला- राजनांदगांव, तहसील- राजनांदगांव, प.ह.नं.- 00034 मोतीपुर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT202526420537300091

**// ईश्तहार //**

तहसील राजनांदगांव के प.ह.न. 00034 के अंतर्गत ग्राम मोतीपुर के वर्तमान भूमिस्वामी नीतू पिता/पति- स्व.हीरालाल धामगाये पता- तुलसीपुर, रोशन पिता/पति- स्व.हीरालाल धामगाये पता- तुलसीपुर, उपेन्द्र पिता/पति- स्व.हीरालाल धामगाये पता- तुलसीपुर, जितेन्द्र पिता/पति- स्व.हीरालाल धामगाये पता- तुलसीपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 312/109 (0.0130) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता जितेन्द्र पिता/पति- स्व.हीरालाल धामगाये पता-तुलसीपुर, नीतू पिता/पति- स्व.हीरालाल धामगाये, उपेन्द्र पिता/पति- स्व.हीरालाल धामगाये पता-तुलसीपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05/06/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पर्वू या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आम मुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/05/2026 को जारी किया जाता है।

मोहर

PYARELAL NAG
तहसीलदार
तहसील व जिला-राजनांदगांव

### न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव

**मामले की श्रेणी : राजस्व**

संदर्भ :- जिला- राजनांदगांव, तहसील- राजनांदगांव, प.ह.नं.- 00034 मोतीपुर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT202526420537300092

**// ईश्तहार //**

तहसील राजनांदगांव के प.ह.न. 00034 के अंतर्गत ग्राम मोतीपुर के वर्तमान भूमिस्वामी जितेन्द्र पिता/पति- स्व.हीरालाल धामगाये पता- सा.तुलसीपुर, उपेन्द्र पिता/पति- स्व.हीरालाल धामगाये पता- तुलसीपुर, नीतू पिता/पति- स्व.हीरालाल धामगाये पता- तुलसीपुर, रोशन पिता/पति- स्व.हीरालाल धामगाये पता- तुलसीपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 130/7 (0.0160) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता नीतू पिता/पति- स्व.हीरालाल धामगाये, उपेन्द्र पिता/पति- स्व.हीरालाल धामगाये, जितेन्द्र पिता/पति- स्व.हीरालाल धामगाये पता- तुलसीपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05/06/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पर्वू या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आम मुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/05/2026 को जारी किया जाता है।

मोहर

PYARELAL NAG
तहसीलदार
तहसील व जिला-राजनांदगांव

# झीरम घाटी के शहीदों को अर्पित किया श्रद्धा सुमन

**गंडई पंडरिया।** झीरम घाटी में हुए क्रूर नक्सली हमले की 13वीं बरसी पर गंडई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने विश्राम गृह में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शत्रुहन मन्नू चंदेल के नेतृत्व में एकत्रित हुए कांग्रेसजनों ने 25 मई 2013 के हुए भयावह नक्सली हमले में जान गंवाने वाले कांग्रेस नेताओं और जवानों को याद किया। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने भावुक शब्दों में कहा कि झीरम घाटी का हमला महज कोई आम नक्सली वारदात नहीं थी, बल्कि यह लोकतंत्र की बुलंद आवाज को दबाने का सुनियोजित राजनैतिक षड्यंत्र था। नक्सलियों ने कायराना तरीके से नाम पूछ-पूछकर कांग्रेस नेताओं की निर्मम हत्या की थी। बरसी के मौके पर तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, बस्तर टाइगर महेंद्र कर्मा, वरिष्ठ नेता विद्याचरण शुक्ल, उदय मुदलियार, दिनेश पटेल सहित अन्य को नमन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में ब्लाक अध्यक्ष शत्रुहन मन्नू चंदेल,लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, अय्यूब कुरैशी, हेमलता ठाकुर, रूखमणी देवांगन, चेतन देवांगन, ताराचंद बंजारे, गोवर्धन साहू, दामोदर जयसवाल, श्री टंडन, फिरोज मेमन, निरंजन धनकर, शिव कुर्रे, दिनेश रजक,सुमन विश्वकर्मा सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### निर्वाचन सेक्टर अधिकारी किए गए नियुक्त

कवर्धा। त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 के तहत जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा के ग्राम पंचायत उड़ियाखुर्द वार्ड क्रमांक-08 और जनपद पंचायत पंडरिया के ग्राम पंचायत पोलमी के वार्ड-14 के रिक्त पंच पद के निर्वाचन होना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने निर्वाचन संबंधित कार्यों को सुचारू रूप से संपादन के लिए सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति की है। ग्राम पंचायत पोलमी के वार्ड-14 के रिक्त पंच पद के निर्वाचन के लिए अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन विभाग कौशल शर्मा को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसका मतदान केन्द्र 26 प्राथमिक शाला भवन पोलमी है। इसी तरह के ग्राम पंचायत उड़ियाखुर्द वार्ड क्रमांक-08 के रिक्त पंच पद के निर्वाचन के लिए उप अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बीआर सिन्हा को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसका मतदान केन्द्र 157 प्राथमिक शाला भवन उड़ियाखुर्द है।

### एक दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन

कवर्धा। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जनपद पंचायत कवर्धा के सभागार कक्ष में किया गया। कार्यशाला में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 का वाचन कर प्रतिभागियों को नियमों एवं उनके प्रभावी क्रियान्वयन संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला का प्रशिक्षण जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण संजय सोनी द्वारा दिया गया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने, कचरा पृथक्करण, ठोस अपशिष्ट के सुरक्षित निपटान एवं जनभागीदारी की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सरपंचों, सचिवों एवं बिहान कैडर की महिलाओं को स्वच्छता संबंधी नियमों के पालन एवं ग्राम स्तर पर जागरूकता बढ़ाने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक उपायों एवं व्यवहारिक पहलुओं पर भी चर्चा की गई। कार्यशाला में जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, बिहान कैडर की महिलाएं सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अग्निवीर भर्ती के परिणाम किए गए घोषित

कवर्धा। सेना भर्ती कार्यालय द्वारा जनवरी माह में धमतरी (छ.ग.) में आयोजित भारतीय सेना अग्निवीर भर्ती के विभिन्न पदों का परिणाम 25 मई 2026 को घोषित कर दिया गया है जिसमें छत्तीसगढ़ के 1163 युवाओं को सफलता प्राप्त हुई है। यह परिणाम भारतीय सेना की वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर (छ.ग.) के नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित किया गया है। सभी उत्तीर्ण उम्मीदवारों को 28 मई 2026 को सुबह 07 बजे सभी मूल दस्तावेजो के साथ सेना भर्ती कार्यालय रायपुर (छ.ग.) (जो कि शहीद वीर नारायण सिंह अंतरर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नया रायपुर के पास स्थित है) मे प्रारंभिक निर्देशों के लिए उपस्थित होने के निर्देश हैं। सेना भर्ती कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि भारतीय सेना में चयन पारदर्शी है और केवल योग्यता के आधार पर चयन होता है।

### संघ का प्रदेशव्यापी ज्ञापन कार्यक्रम 27 को

कवर्धा। कबीरधाम जिले सहित पूरे प्रदेश में किसानो की मौजूदा समस्याओं को देखते हुए भारतीय किसान संघ द्वारा एक बार फिर किसानो की समस्याएं सरकार तक पहुंचाने प्रदेशव्यापी कार्यक्रम आयोजित किए जाने का ऐलान किया है। इस संबंध में भारतीय किसान संघ जिला कबीरधाम से मिली जानकारी के अनुसार संघ ने किसानो की प्रमुख समस्या खाद एवं बीज की उपलब्धता, बढ़ती पेट्रोल-डीजल कीमतें, कृषि लागत में वृद्धि सहित अन्य स्थानीय समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ के प्रांतीय आव्हान पर 27 मई को छत्तीसगढ़ सहित कबीरधाम जिले की सभी तहसीलों में एक साथ प्रशासन को शासन के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। भारतीय किसान संघ का मानना है कि किसानों की समस्याओं का समय पर समाधान हो। इसी उद्देश्य से, यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। संघ ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक किसानो के शामिल होने का आव्हान किया है।

# पूर्व मंत्री मो.अकबर को सुप्रीम कोर्ट से झटका, चुनावी आरोप खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

साल 2013 के कवर्धा विधानसभा चुनाव को लेकर शुरू हुआ बहुचर्चित कानूनी विवाद अब पूरी तरह समाप्त हो गया है। कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर द्वारा भाजपा के पूर्व विधायक अशोक साहू के खिलाफ दायर चुनाव याचिका को पहले छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट और अब सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं मिल पाई है।

लगभग 12 सालों तक चली इस न्यायिक प्रक्रिया के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने भी मामले में दायर रिकॉल आवेदन को खारिज कर दिया है। इस फैसले के बाद वर्ष 2013 में कवर्धा विधानसभा की जनता द्वारा दिए गए जनादेश पर न्यायिक स्तर पर भी अंतिम मुहर लग गई है।

राजनीतिक रूप से लंबे समय तक चर्चाओं में रहे इस मामले में अदालतों ने उपलब्ध साक्ष्यों और कानूनी तथ्यों के आधार पर आरोपों को स्वीकार नहीं किया।

### 2013 के चुनाव बाद शुरू हुई थी कानूनी लड़ाई




वर्ष 2013 के विधानसभा चुनाव में कवर्धा सीट से भाजपा प्रत्याशी अशोक साहू विजयी घोषित हुए थे। चुनाव परिणाम आने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद अकबर ने चुनाव खर्च सीमा उल्लंघन और कथित भ्रष्ट आचरण सहित कई आरोप लगाते हुए चुनाव याचिका दायर की थी। मामला राजनीतिक गलियारों में लगातार चर्चा का विषय बना रहा और वर्षों तक अदालतों में इसकी सुनवाई चलती रही। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान मोहम्मद अकबर की ओर से चुनाव खर्च और इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों से जुड़े कई आरोप लगाए गए थे। हालांकि अदालत ने उपलब्ध दस्तावेजों और साक्ष्यों का परीक्षण करने के बाद वर्ष 2016 में चुनाव याचिका खारिज कर दी। न्यायालय ने माना कि प्रस्तुत इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड और सीडी कानूनी मानकों के अनुरूप प्रमाणित नहीं किए जा सके। साथ ही चुनाव परिणाम प्रभावित होने संबंधी दावे भी पर्याप्त रूप से सिद्ध नहीं हो पाए। हाईकोर्ट से राहत नहीं मिलने के बाद मोहम्मद अकबर ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। सर्वोच्च न्यायालय ने 12 फरवरी 2026 को मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि संबंधित विधानसभा का कार्यकाल समाप्त हो चुका है और चुनाव याचिका पहले ही निरस्त हो चुकी है, इसलिए आगे सुनवाई का औचित्य नहीं बचता। इसके बाद अदालत ने अपील समाप्त कर दी। इसके पश्चात पूर्व आदेश वापस लेने के लिए रिकॉल आवेदन दायर किया गया, जिसे भी सुप्रीम कोर्ट ने 22 मई 2026 को खारिज कर दिया। अदालत ने स्पष्ट किया कि पूर्व आदेश वापस लेने का कोई वैधानिक आधार प्रस्तुत नहीं किया गया है।

### न्यायालय का फैसला आते ही क्षेत्र में फिर तेज हुई राजनीतिक चर्चा



सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले के बाद कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में यह मामला एक बार फिर चर्चा का विषय बन गया है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसे सत्य और जनादेश की जीत बताया है, जबकि राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि लंबे समय तक चले इस मामले का अब कानूनी रूप से पटाक्षेप हो चुका है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि जनता द्वारा दिए गए फैसले को अदालतों में चुनौती दी गई, लेकिन अंततः आरोप प्रमाणित नहीं हो सके।

### अशोक साहू ने जताया जनता के प्रति आभार

फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व विधायक अशोक साहू ने कहा कि उन्हें शुरू से न्यायपालिका पर पूरा विश्वास था। उन्होंने कहा कि जनता ने जो समर्थन और विश्वास दिया था, वह उनके लिए सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं और क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे आगे भी क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।

## परीक्षण: डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने पीड़ित बनकर मांगी मदद, पहुंची टीम

# एनएच-30 पर नेक्स्ट जेन डायल 112 सेवा का किया गया परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने रायपुर से कवर्धा जाते समय बेमेतरा के पास हाईवे पर रुककर नेक्स्ट जेन डायल-112 सेवा का औचक परीक्षण किया। उन्होंने सेवा की त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता और रिस्पॉन्स टाइम परखने के लिए स्वयं डायल-112 पर कॉल कर मारपीट एवं सड़क दुर्घटना का पीड़ित बनकर शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत दर्ज कराने के बाद उप मुख्यमंत्री पास के एक ढाबे के समीप रुककर पुलिस वाहन के पहुंचने का इंतजार करते रहे। निर्धारित समय के भीतर डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची, जिसके बाद उन्होंने वाहन में उपलब्ध सभी तकनीकी सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री ने वाहन में लगे संचार तंत्र, रिस्पॉन्स सिस्टम, लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित तकनीकों की जानकारी अधिकारियों से ली। उन्होंने आपातकालीन परिस्थितियों में पुलिस की कार्यप्रणाली, हेल्पलाइन सहायता प्रक्रिया एवं आम नागरिकों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था का भी परीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि डायल-112 सेवा आम नागरिकों के लिए अधिक प्रभावी, भरोसेमंद और त्वरित बनाई जाए ताकि किसी भी आपात स्थिति में लोगों को तत्काल सहायता मिल सके।

### जरूरतमंदों को मिलेगी बेहतर व त्वरित सुविधा




उल्लेखनीय है कि गत 18 मई को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में सुरक्षा एवं आपातकालीन सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में 400 नेक्स्ट जेन सीजी डायल-112 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। नई तकनीक से लैस ये वाहन प्रदेश में पुलिस सहायता,एम्बुलेंस, अग्निशमन सेवा तथा महिला हेल्पलाइन जैसी सेवाओं को एकीकृत मंच पर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# घर में लगी भीषण आग गृहस्थी का सामान खाक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम सेमराटोला में सोमवार शाम अचानक लगी आग ने एक परिवार को भारी नुकसान पहुंचाया। आगजनी की इस घटना में घर में रखा धान, कोदो, नगद राशि, कपड़े सहित दैनिक उपयोग का सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गया। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नेउर ग्राम पंचायत अंतर्गत आश्रित ग्राम सेमराटोला में सोमवार शाम करीब 5 बजे सगनु पिता जोधराम के घर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें उठती देख आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्काल आग बुझाने का प्रयास शुरू किया।

ग्रामीणों ने सामूहिक प्रयास करते हुए काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर में रखा अनाज, नगद राशि, कपड़े और अन्य जरूरी सामान पूरी तरह जल चुके थे। पीड़ित परिवार शासन से आर्थिक मदद की मांग की है।

### शॉर्ट सर्किट अथवा चूल्हे की चिंगारी से आग लगने की आशंका

ग्रामीणों द्वारा शॉर्ट सर्किट अथवा चूल्हे की चिंगारी से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने प्रशासन से आर्थिक सहायता एवं उचित मुआवजा देने की मांग की है। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से तत्काल राहत पहुंचाने की अपील की है, ताकि प्रभावित परिवार को राहत मिल सके। इस घटना के बाद पूरे गांव में भय और चिंता का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो आसपास के अन्य घर भी इसकी चपेट में आ सकते थे।

## केशलाल साहू को मिला सहायक जिला खेल अधिकारी का दायित्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में सहायक जिला खेल अधिकारी का दायित्व मिलने पर केशलाल साहू को बधाई दिया है।

कार्यालय कलेक्टर कबीरधाम द्वारा विगत 12 मई को जारी आदेश के अनुसार कवर्धा ब्लॉक में समग्र शिक्षा के तहत खण्ड स्रोत समन्वयक के पद पर कार्यरत केशलाल साहू को वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ जिला खेल अधिकारी के सहायक के रूप में कार्य करने का निर्देश दिया गया है।

एसोसिएशन ने विश्वास व्यक्त किया है कि उनके कुशल नेतृत्व में जिले में खेल प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलेगा। इस अवसर प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, उमेश चन्द्रवंशी, ईश्वरी पटेल, जयप्रकाश चन्द्रवंशी, दिनेश साहू, जितेंद्र जांगड़े, अजय साहू आदि उपस्थित थे।

# जिला सतनामी समाज के संगठन चुनाव की तैयारियां तेज, निर्वाचन की तिथि 14 जून तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



सतनामी समाज जिला संगठन कबीरधाम में संगठन विस्तार और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने की दिशा में चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं।

जिला स्तरीय संगठन चुनाव को लेकर सतनाम भवन जोराताल में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में 14 जून 2026 को जिला निर्वाचन कराने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में समाज के संगठन को गांव स्तर तक मजबूत बनाने, युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने तथा पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता समाज के संरक्षक विजय धृतलहरे ने की। उन्होंने कहा कि पिछले तीन महीनों से गांव-गांव में ग्राम इकाई गठन अभियान चलाया जा रहा है, जिससे समाज को जमीनी स्तर पर संगठित कर मजबूत सामाजिक ढांचा तैयार किया जा सके।

उन्होंने समाज के सभी सदस्यों से एकजुट होकर संगठन को सशक्त बनाने का आह्वान किया। बैठक में कबीरधाम जिले के चारों विकासखंड कवर्धा, पंडरिया, बोड़ला और लोहारा से बड़ी संख्या में पदाधिकारी, युवा कार्यकर्ता और वरिष्ठ सदस्य शामिल हुए। वक्ताओं ने शिक्षा, सामाजिक एकता और युवाओं की सक्रिय भागीदारी को समाज की प्रगति के लिए आवश्यक बताया।

### ग्राम इकाई गठन, 7 जून अंतिम तिथि तय

निर्णय अनुसार जिन ग्राम इकाइयों का गठन अभी तक नहीं हुआ है, उन्हें पूरा करने के लिए 7 जून अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। वहीं 10 जून तक मतदाता सूची का प्रकाशन और नामांकन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके बाद 14 जून को जिला अध्यक्ष, महामंत्री, सचिव, संगठन मंत्री और कोषाध्यक्ष सहित विभिन्न पदों के लिए चुनाव कराया जाएगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि नवगठित जिला कमेटी का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। साथ ही समाज में नई ऊर्जा लाने के उद्देश्य से युवा मोर्चा और महिला मोर्चा गठन पर भी सहमति बनी। बैठक में महेंद्र धृतलहरे, मनोज बंजारे, सुंदरलाल पात्रे, अगम अनंत, गणपद बघेल, जयप्रकाश बंजारे सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### आईपीएल में सट्टा खिलाने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम पुलिस द्वारा जिले में अवैध जुआ एवं ऑनलाइन सट्टा गतिविधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में पोंड़ी पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर आईपीएल सट्टा संचालन के विरुद्ध कार्यवाही की गई है।

जानकारी के अनुसार 24 मई को चौकी पोड़ी पुलिस एवं साइबर टीम जुआ-सट्टा संबंधी कार्यवाही हेतु क्षेत्र भ्रमण पर रवाना थी। भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बैहरसरी क्षेत्र में एक युवक अपने एंड्रॉइड मोबाइल के माध्यम से आईपीएल क्रिकेट मैच में ऑनलाइन दांव लगाकर एवं राशि का लेनदेन कर सट्टा गतिविधियों में संलिप्त है। जिस पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिस देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक आरोपी से पूछताछ कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## कलेक्टर वर्मा ने समय-सीमा में शिकायत निवारण के दिए निर्देश

# जिले के अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सुशासन एवं अभिसरण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सीएम हेल्पलाइन 1076 एवं शिकायत प्रबंधन प्रणाली के संबंध में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन शासन एवं आम नागरिक के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। प्रशिक्षण में सुशासन एवं अभिसरण विभाग के विशेषज्ञ अशोक चौबे और पवन तिवारी ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन त्वरित शिकायत निवारण हेतु एकीकृत मंच है तथा यह गुड गवर्नेंस की दिशा में राज्य शासन का एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसके माध्यम से नागरिकों की शिकायतों, सुझावों एवं समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

### दर्ज शिकायत को दिया जाएगा टोकन क्रमांक




प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि सीएम हेल्पलाइन प्रणाली पाँच प्रमुख स्तंभों शिकायत ट्रैकिंग, समयबद्ध निवारण, नागरिक फीडबैक, पारदर्शिता एवं जवाबदेही तथा कुशल निगरानी पर आधारित है। प्रत्येक दर्ज शिकायत को 12 अंकों का विशिष्ट टोकन क्रमांक प्रदान किया जाएगा, जिसके माध्यम से शिकायतकर्ता हर चरण में अपनी शिकायत की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकेगा। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक द्वारा शिकायत श्रेणी (कंप्लेंट कैटेगरी) की अवधारणा को विस्तार से समझाया गया तथा बताया गया। प्रत्येक श्रेणी के लिए विभाग द्वारा एल-1 से एल-4 तक के अधिकारियों की पदनामवार मैपिंग की गई है। शिकायत निवारण हेतु निर्धारित समय-सीमा के अनुसार समय-सीमा निर्धारित की गई है। निर्धारित समय-सीमा के भीतर शिकायत का निराकरण न होने पर शिकायत स्वतः अगले उच्च स्तर पर एस्केलेट हो जाएगी।

# सांसद संतोष पाण्डेय ने की जिले के पर्यटन स्थलों के विकास की पहल

- प्रदेश के पर्यटन मंत्री को लिखा पत्र, विकास की बताई अपार संभावनाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय ने जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों के समुचित विकास के लिए छत्तीसगढ़ के पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल को पत्र लिखकर आवश्यक पहल करने का आग्रह किया है।

सांसद ने जिले में स्थित प्राकृतिक एवं धार्मिक पर्यटन स्थलों के विकास के लिए आवश्यक राशि स्वीकृत करने की मांग की है। सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि कबीरधाम जिले में अनेक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मौजूद हैं, जहां बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं, लेकिन मूलभूत सुविधाओं के अभाव के कारण इन स्थलों की पर्यटन क्षमता का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने विकासखंड बोड़ला अंतर्गत रानीदहरा जलप्रपात, पीड़ाघाट, कंवलधार जलप्रपात (ग्राम बांकी), छीरपानी जलाशय, सरोधा जलाशय तथा विकासखंड पंडरिया अंतर्गत भैंसाओदार जलप्रपात (ग्राम घोघरा), कांदावानी जलप्रपात, गोदगोदा जलप्रपात (ग्राम नेउर), पोलमी जलप्रपात और घोघरा सहित अन्य पर्यटन स्थलों के विकास की आवश्यकता बताई। पत्र में सांसद ने इन स्थलों तक पहुंच मार्गों के निर्माण, सौंदर्याकरण, सीढ़ी एवं रेलिंग निर्माण, पेयजल, शौचालय, प्रतीक्षालय सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि इन कार्यों से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। सांसद श्री पाण्डेय ने यह भी कहा कि वर्तमान में केंद्र सरकार की स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत भोरमदेव कॉरिडोर का निर्माण कार्य जारी है। यदि जिले के अन्य पर्यटन स्थलों का भी विकास किया जाता है, तो पर्यटकों को एक साथ कई दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करने का अवसर मिलेगा। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और क्षेत्र के आर्थिक एवं पर्यटन विकास को नई गति मिलेगी।

## सार समाचार

### सूत सारथी समाज के योगेश बने प्रदेश अध्यक्ष



**राजनांदगांव।** सूत सारथी समाज के नई प्रदेश कार्यकारिणी का गठन रायपुर के लाखेनगर स्थित सुमंत भवन में किया गया। इस चुनाव में प्रदेशभर से भारी संख्या में आए सदस्यों की उपस्थिति में योगेश सारथी अध्यक्ष पद पर व महासचिव पद पर विक्रम सेंगर भारी मतों से विजय हुए। वहीं उपाध्यक्ष पद पर गणेश सोनवानी, कोषाअध्यक्ष पद पर लक्ष्मीप्रसाद सारथी समेत कार्यकारिणी पद पर स्मृति बाला बंछोर, सरोज हेमलता सारथी, मुरारी सारथी, अशोक सारथी, हेमंत सारथी, जीवन सारथी निर्विरोध चुने गए। चुनाव समिति के अध्यक्ष एआर बघेल व उनके सदस्यों द्वारा विधिवत चुनाव कराकर निर्वाचित प्रतिनिधियों को प्रमाण पत्र दिया गया।

### प्राध्यापक डाकेश्वर की पुस्तक इंग्लैंड में प्रकाशित



**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के रसायन शास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ. डाकेश्वर वर्मा द्वारा संपादित महत्वपूर्ण वैज्ञानिक पुस्तक एडवांस्ड एंटी-कॉरोसिव मटेरियल्स का प्रकाशन इंग्लैंड के अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशन संस्थान टेलर एण्ड फ्रांसिस द्वारा किया गया है। यह पुस्तक धातु क्षरण कॉरोशन, उसके आर्थिक प्रभाव तथा आधुनिक एंटी-कॉरोसिव तकनीकों पर आधारित एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक कृति मानी जा रही है। पुस्तक में यह बताया गया है कि कॉरोशन केवल धातुओं की सतह पर जंग लगने की समस्या नहीं है, बल्कि यह देश की अर्थव्यवस्था, उद्योगों तथा आधारभूत संरचनाओं के लिए गंभीर चुनौती है। डॉ. वर्मा के अब तक 78 अंतर्राष्ट्रीय रिसर्च पेपर्स और 23 पुस्तकें अमेरिका, जर्मनी, नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, लंदन, स्पेन के प्रसिद्ध प्रकाशनों पर प्रकाशित हो चुके हैं। उनके कुल 4 पेटेंट आईपीआरए इंडिया में प्रकाशित हो चुके है। इसके अलावा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर और शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ के कुल तीन शोध छात्रों ने उनके मार्गदर्शन में अपनी पीएचडी पूरी की है।

### आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने व ईडी से जांच की मांग

**राजनांदगांव।** शहर कांग्रेस के पूर्व महामंत्री व पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने कलेक्टर से मनगटा क्षेत्र के 54 एकड़ सरकारी जमीन में कब्जा और भ्रष्ट अधिकारी कंबल ओढ़कर घी पीने वालों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने एवं ईडी से जांच कराने मांग की।

### कर्मचारियों का प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन 14 को



**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मचारियों का प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन आगामी 14 जून को रायपुर में होगा। 18 हजार कर्मचारियों का ऐतिहासिक महासम्मेलन बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित होगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित मिरी, डॉ. रविशंकर दीक्षित, महासचिव कौशलेस तिवारी, हेमंत सिन्हा, पुरन दास, ब्रिज मोहन करोलिया बताया कि लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रांतीय पदाधिकारियों द्वारा उनके विधानसभा क्षेत्र चिरमिरी में सौजन्य मुलाकात की गई। इस दौरान एनएचएम कर्मचारियों की लंबित मांगों के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। मंत्री ने कर्मचारियों की मांगों को गंभीरता से सुनते उन्हें जल्द पूर्ण करने सकारात्मक सहमति प्रदान की। महासम्मेलन में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व अध्यक्षता स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष की उपस्थिति रहेगी। उपमुख्यमंत्री अरूण साव, विजय शर्मा, मुख्यमंत्री के सलाहकार एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त डॉ. धीरेन्द्र तिवारी, समस्त कैबिनेट मंत्रीगण, वरिष्ठ सांसद, विधायकगण एवं रायपुर महापौर को भी आमंत्रित किया जाएगा।

### दिग्विजय कॉलेज व जिला शिक्षा कार्यालय के मध्य एमओयू



**राजनांदगांव।** उच्च शिक्षा एवं स्कूली शिक्षा के बीच समन्वय स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं अभिनव पहल करते दिग्विजय महाविद्यालय तथा जिला शिक्षा कार्यालय राजनांदगांव के मध्य एक महत्वपूर्ण एमओयू संपन्न हुआ। यह पहल महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता एवं जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल के मार्गदर्शन एवं विशेष पहल पर संपन्न हुई। प्रदेश में उच्च शिक्षा एवं स्कूली शिक्षा विभाग के मध्य अपनी तरह का यह एक अनूठा और प्रेरणादायी एमओयू माना जा रहा है। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. संजय ठिसके एवं रजिस्ट्रॉर दीपक परगनिहा की विशेष भूमिका रही। साथ ही मनोज मरकाम एवं प्रनिता शर्मा का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने एमओयू के लाभों की जानकारी देते बताया कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत महाविद्यालय के विद्यार्थियों को विद्यालयों में 15 दिवसीय इंटर्नशिप करने का अवसर प्राप्त होगा। इस इंटर्नशिप के माध्यम से छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रशासन से संबंधित विभिन्न कार्यों की व्यावहारिक जानकारी मिलेगी। इनमें प्रवेश एवं दाखिला प्रक्रिया, अनुशासन व्यवस्था, अध्यापन कार्य, विभिन्न प्रकार के रजिस्टर तैयार करना, सह-पाठ्यक्रम एवं अतिरिक्त गतिविधियों का संचालन जैसी अनेक व्यवस्थाओं को समझने एवं सीखने का अवसर मिलेगा।

### ईव्हीएम का एफएलसी 29 व एसडीपीसी 30 को

**राजनांदगांव।** नगर पालिका आम निर्वाचन 2026 की तैयारी हेतु जिले में उपलब्ध ईव्हीएम का एफएलसी 29 मई 2026 को एवं एसडीपीसी 30 मई 2026 को सुबह 10.30 बजे से जिला कार्यालय राजनांदगांव स्थित ईव्हीएम गोडाउन में इलेक्ट्रॉनिक कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के इंजीनियर द्वारा किया जाएगा। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को एफएलसी एवं एसडीपीसी कार्य में आवश्यक रूप से उपस्थित रहने अनुरोध किया गया है।

## शिकायतों के निराकरण, जमीनी स्तर पर संचालन किए जाने प्रशिक्षण

# शिकायतों का ऑन-स्पॉट निपटारा सीएम हेल्पलाइन 1076 की ट्रेनिंग

**वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़े रहे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय सेवाओं एवं योजनाओं से संबंधित जनमानस से प्राप्त शिकायतों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सीएम हेल्पलाइन एवं शिकायत प्रबंधन प्रणाली के रूप में ऐसी व्यवस्था विकसित की गई है, जहां जनता की आवाज सीधे शासन तक पहुंचेगी।

इसी कड़ी में कलेक्टर जितेन्द्र यादव की उपस्थिति में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सीएम हेल्प लाइन 1076 के प्रभावी क्रियान्वयन, शिकायतों के समयबद्ध निराकरण तथा जमीनी स्तर पर सुचारू संचालन सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन उपस्थित रहे। विकासखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़े रहे। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के फीडबैक के तौर पर प्रक्रियाओं के पालन के लिए उपयोगी एवं कारगर साबित होगी। मुख्यतः जनमानस से प्राप्त विभिन्न प्रकार के शिकायतों के निराकरण की प्रणाली। जिनमें सीएम जनदर्शन, जनदर्शन, पीजी पोर्टल, पीजीएन, जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, इन्हीं सभी शिकायतों के समेकित स्वरूप में सीएम हेल्पलाइन होगी। उन्होंने कहा कि जनमानस की सेवा की दिशा में यह एक अभिनव पहल है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम गौतम पाटिल सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



#### हेल्पलाइन को लेकर दिया प्रशिक्षण

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस प्रशिक्षण में अपनी जिज्ञासाओं एवं प्रश्नों का अच्छी तरह समाधान करें। शिक्षा, पुलिस, पंचायत अन्य विभाग जहां स्टॉफ अधिक है, वहां सजगतापूर्वक शिकायतों के निराकरण के लिए प्रतिबद्ध टीम बनाएं। जिले में सीएम हेल्पलाइन के बेहतरीन क्रियान्वयन के लिए सभी अधिकारी अच्छा कार्य करेंगे, जिस तरह से सभी अधिकारियों ने ई-ऑफिस सीख लिया है। इसी तरह एक नए कार्यप्रणाली को अपनाएं और अच्छी तरह सीखें।

#### 24 घंटे दर्ज होगी शिकायतें

सूचना प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ सौरभ श्रीकांत ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन एवं शिकायत प्रबंधन प्रणाली के तहत प्रदेश का कोई भी नागरिक टोल फ्री नंबर 1076 सहित वेब पोर्टल, मोबाइल ऐप और व्हाट्सएप जैसे आधुनिक मल्टी चैनल किसी भी माध्यम से कॉल करके 24*7 अपनी शिकायत आसानी से दर्ज करा सकता है। शिकायत दर्ज होते ही उन्हें एक विशिष्ट पहचान संख्या मिलेगी।

#### शासन तक सीधी पहुंच की सुविधा

कलेक्टर ने कहा कि सुशासन सरकार में इसके लिए प्रतिक्रिया आधारित एक मजबूत और जवाबदेह फ्रेमवर्क तैयार किया जा रहा है, ताकि हर शिकायत का समयबद्ध और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। लोगों को शासन तक सीधी पहुंच की सुविधा मिलेगी, पारदर्शिता बढ़ेगी और शासन-प्रशासन की सेवाएं अधिक सशक्त बनेगी। सीएम हेल्पलाइन संजीवनी की तरह कार्य करेगा। इसमें जनसामान्य के शिकायतों के बाद मिले फीडबैक का भी रिकार्ड रखें।

#### समय-सीमा में होगा निराकरण

सीएम हेल्पलाइन सुशासन अभिशरण विभाग के सलाहकार आरएस शर्मा ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत शिकायतों के निराकरण के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है। इसके साथ ही शिकायतकर्ता का फीडबैक लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि नागरिकों का फीडबैक इस पूरी प्रणाली की सबसे बड़ी ताकत है। समाधान होने के बाद संबंधित नागरिक से सीधे संपर्क कर उसकी प्रतिक्रिया ली जाएगी। जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि समस्या का वास्तव में समाधान हुआ है या नहीं। व्यक्ति अगर समाधान से संतुष्ट होता है, तभी शिकायत का पूर्ण निराकरण माना जाएगा, लेकिन यदि कोई असंतुष्ट है तो शिकायत स्वतः सक्रिय हो जाएगी।

### महिला को प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए किया मजबूर, आरोपी गिरफ्तार

**मोहला।** मोहला में महिला को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में मोहला पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) और एससी/एसटी एक्ट के तहत सख्त धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहला नगर के ग्राम छुरिया वार्ड नंबर 17 निवासी 23 वर्षीय शीतल नेताम ने सात माह पूर्व 18 अक्टूबर 2025 को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उक्त मामले का मोहला थाना में मर्ग कायम कर संपूर्ण मामले की जांच का जिम्मा आजाक थाना मोहला को सौंपा गया था। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि आरोपी सूरज उर्फ सोनू राजपूत उम्र 31 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 3 मोहला मृतिका को लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था। मृतिका के साथ सोनू के आंतरिक संबंध भी थे। मृतिका अनुसूचित जनजाति वर्ग से संबंधित थी। पुलिस जांच में यह पाया गया कि आरोपी के उत्पीड़न से परेशान होकर महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में थाना मोहला में अपराध क्रमांक 48/2026 के तहत धारा 108 बीएनएस एवं 3(2)(V) एससी/एसटी एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया। विवेचना के दौरान घटनास्थल निरीक्षण, गवाहों के बयान, परिजनों से पूछताछ और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की संलिप्तता पाए जाने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालयीन अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। पूछताछ में आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार किए जाने के बाद उसे माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में सात माह का समय लगाना भी पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करता है। पूरी कार्रवाई में निरीक्षक ईश्वर ध्रुव, उप निरीक्षक नरेन्द्र भंडारी, उप निरीक्षक ताज खान, प्रधान आरक्षक सुनील उपाध्याय, आरक्षक ललित कुर्रे एवं आरक्षक दिनेश पंकज का विशेष योगदान रहा।

## पिकअप वाहन में मवेशियों को ले जाते तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिकअप वाहन में मवेशियों को ठूंस-ठूंस कर बिना चारा-पानी के महाराष्ट्र की ओर ले जाने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पिकअप वाहन एवं पांच मवेशी बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 25 मई को पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं एसडीओपी केसरीनंदन नायक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक नंदकिशोर गौतम के नेतृत्व में थाना बागनदी पुलिस द्वारा मवेशी तस्करी के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया।

कार्रवाई के दौरान रात्रि में छत्तीसगढ़ से महाराष्ट्र की ओर 5 नग कृषक गौवंशीय मवेशियों 4 बैल एवं 1 गाय को अशोक लीलैंड पिकअप वाहन में भरकर ले जाया जा रहा था। पुलिस टीम द्वारा कोठीटोला कैम्प के सामने बैरिकेडिंग कर वाहन को घेराबंदी कर रोका गया।



#### पांच मवेशी बरामद

पुलिस के मुताबिक वाहन की जांच करने पर पाया गया कि मवेशियों के पैर एवं गले को बेरहमीपूर्वक बांधकर उन्हें दर्द एवं पीड़ा पहुंचाते हुए बिना किसी वैध अनुज्ञा पत्र के महाराष्ट्र की ओर बुचड़खाना ले जाया जा रहा था। पुलिस द्वारा मौके पर 5 नग गौवंशीय मवेशी एवं परिवहन में प्रयुक्त अशोक लीलैंड पिकअप वाहन को जब्त किया गया।

#### आरोपियों पर कार्रवाई

पुलिस ने आरोपी अक्षय अशोक तुरकर, फिरतु कंवर एवं पुरूषोत्तम नाईक के विरुद्ध धारा 4, 6, 10 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004, धारा 11 पशुक्रूरता निवारण अधिनियम 1960 एवं धारा 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### जिला अस्पताल एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित

**राजनांदगांव।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि गर्मी के दृष्टिगत जिला अस्पताल राजनांदगांव के सभी वार्डों में एसी एवं कूलर की व्यवस्था की गई है। साथ ही अस्पताल परिसर में पर्याप्त पंखों तथा शुद्ध व शीतल पेयजल व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों व उप स्वास्थ्य केन्द्रों में भर्ती मरीजों तथा ओपीडी हेतु पंखे एवं कूलर की व्यवस्था की गई है। साथ ही आवश्यकतानुसार जीवनदीप समिति से पंखे एवं कूलर की पूर्ति की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नागरिकों को लू से बचाव सहित अन्य स्वास्थ्य जागरूक किए जाने हेतु अलर्ट जारी किया गया है। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में हीट स्ट्रोक संबंधी आईसी प्रदर्शित की गई है। हीट स्ट्रोक संबंधी दैनिक रिपोर्टिंग आईएचआईपी पोर्टल के माध्यम से सभी संस्थानों से की जा रही है।

### जिलाध्यक्ष बने नागेश



**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 7235 के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन से छग के अध्यक्ष विरेन्द्र श्रीवास्तव एवं राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रमाकांत श्रीवास्तव द्वारा विचार-विमर्श कर नागेश श्रीवास्तव ब्राम्हणपारा राजनांदगांव छग को जिला अध्यक्ष राजनांदगांव छत्तीसगढ़ के लिए मनोनीत किया गया है। इनके मनोनीत होने पर सोनाली श्रीवास्तव, राजेश कुमार, बिमला सक्सेना, राकेश श्रीवास्तव, रिया श्रीवास्तव समेत अन्य लोगों ने शुभकामनाएं दी।

## दुर्घटना में जैन साध्वी का निधन, आक्रोश

**समाज ने की न्यायिक जांच की मांग**



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बीते दिनों मध्यप्रदेश के रीवा में विहाररत दो जैन साध्वी की सड़क हादसे में मृत्यु के मामले को लेकर आज बड़ी संख्या जैन समाज के लोगों ने रैली निकाली और कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

शहर के गंज चौक स्थित दिगंबर जैन मंदिर से जैन समाज के सैकड़ों लोगों ने रैली निकाली और जिला कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। जैन समाज के अध्यक्ष अशोक झांझरी, कमलेश बैद और सूर्यकांत जैन ने कहा कि यह घटना केवल एक सामान्य सड़क दुर्घटना प्रतीत नहीं होती है। वीडियो फुटेज और परिस्थितियों के आधार पर यह प्रायोजित घटना प्रतीत हो रही है। उन्होंने पूरे मामले में निष्पक्ष एवं पारदर्शी और उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

#### एसआईटी जांच की मांग

इस मामले को लेकर जैन समाज के लोगों ने चिंता और आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने अपने इस प्रदर्शन के माध्यम से घटना की एसआईटी अथवा न्यायिक जांच, घटना से संबंधित सभी सीसीटीवी फुटेज, वीडियो एवं डिजिटल साक्ष्य सुरक्षित रखने, दोषियों पर तत्काल कड़ी कानूनी कार्रवाई, सुनियोजित कृत्य अथवा षड्यंत्र के तथ्य प्राप्त होने पर कठोर दंड देने, संत सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू करने, राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति बनाने, संतों के विरुद्ध अपराधों को विशेष संवेदनशील श्रेणी में रखने सहित अन्य मांग रखी है। इस दौरान सकल जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

**शहादत को बताया जनसेवा और संघर्ष की प्रेरणा**

## शहीद उदय की पुण्य स्मृति में दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

झीरम घाटी नक्सल हमले में शहादत देने वाले पूर्व विधायक शहीद उदय मुदलियार की तेरहवीं पुण्यतिथि पर आज शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रद्धांजलि सभा एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सतनाम भवन में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शहीद उदय मुदलियार एवं अल्लानूर भिंडसरा के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

सुबह 10.30 बजे आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पूर्व विधायक शहीद उदय मुदलियार, अलानूर भिंडसरा सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विद्याचरण शुक्ल, नंदकुमार पटेल, महेंद्र कर्मा, दिनेश पटेल, योगेंद्र शर्मा तथा शहीद जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इसके उपरांत गायत्री मंदिर चौक स्थित शहीद उदय मुदलियार एवं अल्लानूर भिंडसरा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसजनों ने शहीद नेताओं से जुड़ी स्मृतियां साझा करते उनके व्यक्तित्व, उपलब्धियों एवं संगठन के प्रति समर्पण को याद किया तथा उनके स्वजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, शाहिद खान, श्रीकिशन खंडेलवाल, अंजुम अल्वी, भागवत साहू, रमेश राठौर, रमेश डाकलिया, मामराज अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, रूपेश दुबे, कमलजीत पिंटू, प्रवीण मेश्राम, राकेश जोशी, हरिनारायण धकेता, अशोक पंजवानी, मनीष गौतम, पंकज बांधव, देवेश डाकलिया, प्रकाश राठौर, मनीष साहू, ललित कुमरे, चेतन भानुशाली, लक्ष्मण साहू, अशोक फड़नवीस, राजा तिवारी, अमीन हुद्दा, झम्मन देवांगन, राकेश कुमार, महेंद्र बहादुर, रसीद खान, बबलू कसार, इब्राहिम खान, विशु आजमानी, कुलदीप कुरंजरेकर, गजेंद्र सिंह राजपूत, हिमांशु बंजारे, आशीष साहू, जय जायसवाल, चेतन सिन्हा, प्रकाश बाफना, तामेश्वर बंजारे, नितिन मेश्राम, चुम्मन निषाद, रज्जु जॉन, सुरेंद्र देवांगन, संदीप सोनी, ललित मरकाम, करीम खान, बंटी यादव, राजेश गुप्ता, रोहित चंद्राकर, बसंत चितलांग्या, नरेश साहू, विप्लव शर्मा, भोला यादव, केशव पटेल, मुस्तफा जोया, नरेश शर्मा, सचिन तुरहाटे, शिवम गढ़पायले, संतोष शर्मा, दुष्यंत चंद्राकर, राहुल चौबे, गोलू महानंद, विपत साहू, दुरेन्द्र वैष्णव, हेमशंकर साहू, टिंकू साहू, मुस्तफा जोया सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।



#### जनता की आवाज मजबूती से उठाएंगे

ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि झीरम घाटी के शहीदों ने लोकतंत्र और जनसेवा के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए। कांग्रेस कार्यकर्ता उनके बताए मार्ग पर चलते हुए जनता की आवाज को मजबूती से उठाते रहेंगे। वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश राठौर ने कहा कि झीरम घाटी की घटना केवल कांग्रेस नहीं, बल्कि पूरे लोकतंत्र पर हमला था। शहीद नेताओं का संघर्ष, सादगी और कार्यकर्ताओं के प्रति आत्मीयता आज भी सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

#### कांग्रेस की नीव बलिदान पर खड़ी

संगोष्ठी को संबोधित करते शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि झीरम घाटी की घटना देश की सबसे बड़ी राजनीतिक त्रासदियों में से एक है। हमारे नेताओं की निर्मम हत्या का दुख आज भी हर कांग्रेस कार्यकर्ता को कचोटता है। मेरे पिता शहीद उदय मुदलियार सहित अल्लानूर भिंडसरा और लाखों समर्थकों के प्रिय नेताओं का बलिदान जनसेवा एवं संघर्ष की प्रेरणा देता है। कांग्रेस की नींव त्याग और बलिदान पर खड़ी है तथा हम जनता के अधिकारों और न्याय के लिए हमेशा संघर्षरत रहेंगे।



### भीषण आग से दो घर जलकर राख, लाखों का नुकसान

# दौजरी में मची अफरा-तफरी, पीड़ित परिवार ने लगाई मुआवजे की गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

कवर्धा विकासखंड अंतर्गत ग्राम दौजरी में रविवार दोपहर अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग ने दो परिवारों का आशियाना जलाकर राख कर दिया। घटना दोपहर करीब 2 बजे की बताई जा रही है।

तेज गर्मी और हवाओं के चलते आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे पूरे गांव में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार आग अंतूराम धुर्वे एवं भगवान सिंह धुर्वे के घरों में लगी।

आग की लपटें इतनी तेज थीं कि घरों में रखा अनाज, कपड़े, फर्नीचर एवं अन्य जरूरी सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। घटना की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक दोनों घर पूरी तरह जल चुके थे। दमकल कर्मियों ने आसपास फैल रही आग को बुझाकर स्थिति को नियंत्रण में लिया। इस घटना में लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि इन दिनों क्षेत्र में भीषण गर्मी पड़ रही है और तापमान 44 डिग्री तक पहुंच चुका है। ऐसे हालात में आगजनी की घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से आर्थिक सहायता एवं उचित मुआवजे की मांग की है।

#### आग की लपटें देख गांव में मची अफरा-तफरी



दोपहर के समय अचानक घरों से धुआं और आग की तेज लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। ग्रामीण बाल्टी और पानी के अन्य साधनों से आग बुझाने में जुट गए, लेकिन तेज हवा और भीषण गर्मी के कारण आग तेजी से फैलती चली गई। घटना के दौरान गांव में दहशत और अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

#### अनाज, कपड़े और गृहस्थी का सामान हुआ राख

आगजनी की इस घटना में दोनों परिवारों के घरों में रखा अनाज, कपड़े, बर्तन, फर्नीचर और दैनिक उपयोग की सामग्री पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। पीड़ित परिवारों के सामने अब रहने और खाने-पीने जैसी मूलभूत जरूरतों का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार नुकसान लाखों रुपये तक पहुंच सकता है।

#### मुआवजे की मांग

घटना के बाद ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से प्रभावित परिवारों को शीघ्र आर्थिक सहायता देने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि पीड़ित परिवारों की स्थिति बेहद खराब हो गई है, इसलिए शासन स्तर पर सर्वे कर उचित मुआवजा और राहत सामग्री उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

# गर्मी बढ़ी, सूखने लगी हाफ नदी, 50 गांवों में जल-संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



भीषण गर्मी के बीच विकासखंड पंडरिया क्षेत्र की जीवनदायिनी मानी जाने वाली हाफ नदी अब सूखने के कगार पर पहुंच गई है। नदी का जलस्तर लगातार घटने से आसपास के करीब 50 गांवों में जल संकट की स्थिति बनने लगी है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से नदी में पानी छोड़ने की मांग की है ताकि लोगों और पशु-पक्षियों को राहत मिल सके।

जानकारी के अनुसार कुंडा, दामापुर, खमरिया, अखरा, हथमुड़ी, पेंड्रीकला, माकरी, खैलटुकरी सहित कई गांवों के लोग हाफ नदी पर निर्भर रहते हैं। ग्रामीणों की दैनिक जरूरतों के साथ-साथ पशु-पक्षियों का जीवन भी इसी नदी के पानी पर टिका हुआ है। गर्मी बढ़ने के साथ नदी का जलस्तर तेजी से घट रहा है, जिससे लोगों की चिंता बढ़ गई है। क्षेत्र में पानी रोकने और जल संरक्षण के उद्देश्य से कई स्थानों पर स्टाफ डेम का निर्माण भी कराया गया है, लेकिन पर्याप्त जलभराव नहीं होने के कारण वहां भी पानी कम होता जा रहा है। कई जगहों पर पानी में नीलापन और गंदगी दिखाई देने लगी है, जिससे उपयोग में भी दिक्कतें आने लगी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द नदी में पानी नहीं छोड़ा गया तो आने वाले दिनों में पेयजल और निस्तारी की समस्या और गंभीर हो सकती है। लोगों ने प्रशासन से शीघ्र कदम उठाने की मांग की है।

#### स्टाफ डेम में भी घटने लगा जलस्तर

नदी में पानी रोकने के लिए बनाए गए स्टाफ डेम भी अब सूखने की स्थिति में पहुंच रहे हैं। पर्याप्त जल नहीं होने से कई स्थानों पर पानी दूषित और नीला दिखाई देने लगा है। ग्रामीणों ने नदी में पानी छोड़े जाने की मांग करते हुए कहा कि इससे गांवों में जल संकट से राहत मिल सकेगी।

#### हाफ नदी पर टिका है दर्जनों गांवों का जीवन

हाफ नदी क्षेत्र के करीब 50 गांवों के लिए निस्तारी और दैनिक जरूरतों का प्रमुख स्रोत बनी हुई है। ग्रामीणों के अलावा पशु-पक्षी और वन्य जीव भी इसी नदी के पानी पर निर्भर रहते हैं। गर्मी बढ़ने के साथ नदी का जलस्तर तेजी से कम होने लगा है।

### खबर संक्षेप

#### बोर खनन होने से पानी की समस्या खत्म



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत कोलेगांव की सरपंच सुरेश धुर्वे के द्वारा 15वें वित्त के माध्यम से तालाब के पास बोर खनन करवाया गया बताना लाजिमी होगा कि ग्राम पंचायत कोलेगांव में दो बड़े-बड़े तालाब है लेकिन बोर नहीं होने के कारण तालाब सूखता जा रहा था जिसकी प्रमुखता से समाचार भी लगाया गया था तालाब सूखने के कगार पर है जैसे ही खबर छपा और पंचायत सरपंच के द्वारा संज्ञान में लिया गया गांव की सबसे बड़े निस्तारी तालाब है जहां पानी का होना अति आवश्यक है क्योंकि तालाब भी एक ऐसा निस्तारी का साधन है जिसमें सुख-दुख के मात्र एक साधन है जिसमें गांव वालों का पूरी निस्तारी तालाब में हुआ करता है और साथ-साथ पशु पक्षी जीव जंतु को भी तालाबों में पानी भरने से राहत मिलेगा इसी समस्या को देखते हुए तत्काल पंचायत के सरपंच के द्वारा 15वें वित के माध्यम से बोर खनन कराया गया अब पानी की समस्या से ग्रामीणों को राहत मिलेगा बोर खनन होने के बाद ग्रामीणों में एक उत्सव भी देखा जा रहा है बहुत लंबे समय के बाद तालाब में बोर खनन हुआ है जिसमें पंचायत के सरपंच सुरेश धुर्वे, उपसरपंच विनय शर्मा, पंच टिंकू गोस्वामी राम सहायक जगतु ओम प्रकाश यादव एवं दिनेश पाण्डेय पंचायत सचिव रामेश्वर साहू उपस्थित थे।

# भोरमदेव कॉरिडोर में दिखेगी छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत

- 146 करोड़ परियोजना का डिप्टी सीएम श्री शर्मा ने किया निरीक्षण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

स्वदेश दर्शन योजना के तहत भोरमदेव क्षेत्र में निर्माणाधीन 146 करोड़ रुपए की भोरमदेव कॉरिडोर परियोजना की प्रगति की समीक्षा करने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा सोमवार को भोरमदेव पहुंचे। उन्होंने सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक लेने से पहले जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, इंजीनियरों और निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ पूरे प्रोजेक्ट क्षेत्र का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों का जायजा लिया।

बैठक में मंदिर परिसर, प्रवेश द्वार, संग्रहालय, पर्यटक सुविधाएं, सरोवर सौंदर्यीकरण, लैंडस्केपिंग और वृक्षारोपण सहित विभिन्न निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि यह परियोजना आने वाले वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाई जा रही है, इसलिए निर्माण कार्य मजबूत, टिकाऊ और मानक अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को चेतावनी देते हुए कहा कि गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा और कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरा होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा किसी भी तकनीकी समस्या की जानकारी तत्काल उपलब्ध कराई जाए ताकि कार्य प्रभावित न हो। समीक्षा बैठक में पर्यटन विभाग के एमडी विवेक आचार्य भी उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर, मड़वा महल, छेरकी महल, रामचुआ और सरोदा डैम से जुड़े विकास कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कॉरिडोर के प्रवेश द्वार, खंभों और दीवारों में फणी नागवंशी स्थापत्य शैली की स्पष्ट झलक दिखाई देनी चाहिए ताकि यहां आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक छत्तीसगढ़ की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत से जुड़ सकें।



#### संग्रहालय में दिखेगा भोरमदेव मंदिर का इतिहास

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आदिवासी संग्रहालय के विकास और विस्तार पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि संग्रहालय में भोरमदेव क्षेत्र की ऐतिहासिक, धार्मिक और पौराणिक कथाओं को आकर्षक तरीके से प्रदर्शित किया जाए। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण की पूरी कथा और क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक प्रस्तुति के माध्यम से दर्शाया जाए, ताकि पर्यटकों को यहां की ऐतिहासिक पहचान की विस्तृत जानकारी मिल सके।

# भजन कीर्तन के साथ 23वां महोत्सव संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीर पंथ प्रचारक रतन दास मानिकपुरी के संयोजन में ग्राम नेवारी में 23वां कबीरधाम महोत्सव एवं कबीर जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन आमीन माता महिला मंडल नेवारी द्वारा किया गया।

सुबह साधु-संतों द्वारा गुरु महिमा पाठ के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद आमीन माताओं ने बाजा-बिगुल और भजन-कीर्तन के साथ कलश यात्रा निकाली। "सत्यनाम साहेब" के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। दोपहर में भोजन भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गुरु गोस्वामी सुरेश साहेब ने ग्रंथ प्रवचन सुनाया।

वहीं शाम तक भजन-कीर्तन और चौका आरती का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में आसपास के गांवों से पहुंचे कबीरपंथियों सहित विभिन्न समाज के लोगों ने शामिल होकर आयोजन को सफल बनाया।

# गीता तुलसी वर्षा के साथ कथा संपन्न

### राजा परीक्षित मोक्ष प्रसंग और गीता सार ने श्रद्धालुओं को किया भवविभोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के धर्म नगरी कोलेगांव में दिव्य तथा पवित्र पुरुषोत्तम मास के पुनीत अवसर पर श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन 17 मई से 25 मई तक भव्य आयोजन हुआ जिसमें पंडित कथा व्यास रजनीकांत शर्मा लगरा मुंगेली वाले यह कार्यक्रम का आयोजन एवं मुख्य यजमान श्रीमती अतुल राजीव शर्मा के रूप में उपस्थित थे जिसमें पंडित द्वारा तुलसी वर्षा गीता के बारे में बताया गया राजा परीक्षित को श्रृंगी ऋषि द्वारा यह श्राप मिला था कि सात दिनों में तक्षक नाग के काटने से उनकी मृत्यु हो जाएगी। अपनी मृत्यु को निकट जानकर, उन्होंने सुखदेव महाराज से श्रीमद्भागवत कथा सुनी। वही गीता सार जीवन का ज्ञान कथा के दौरान महाभारत और कर्म के सिद्धांतों का सार समझाया जाता है। इसके अनुसार,कर्म करना मनुष्य का कर्तव्य है,फल की चिंता नहीं करनी चाहिए। सत्य और धर्म के मार्ग पर चलते हुए प्रभु में मन लगाना ही जीवन का असली उद्देश्य है। तुलसी वर्षा–श्रीमद्भागवत कथा या देवी भागवत में 'तुलसी वर्षा' कथा का अर्थ भक्तों द्वारा कथा के दौरान वातावरण में तुलसी के पत्तों और फूलों की वर्षा करने से है। यह आयोजन के दौरान भक्ति, उल्लास और ईश्वर को प्रसन्न करने का एक अत्यंत पवित्र अनुष्ठान माना जाता है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, तुलसी को भगवान विष्णु श्रीहरि की परम प्रिय और लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है। वही रामाधार शर्मा तोमन शर्मा श्रीमती अतुल राजीव शर्मा संजीव शर्मा पवन शर्मा रामकुमार शर्मा गणेश शर्मा राकेश शर्मा विनय शर्मा दिनेश पाण्डेय सहित समस्त पाण्डेय परिवार कोलेगांव को कथा सुनने सौभाग्य मिला।



# सीड बॉल अभियान में ग्रामीणों ने तैयार किए 4 हजार बीज गोले



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बोड़ला विकासखंड अंतर्गत मुडघुसरी जंगल पंचायत के बीजाडाप गांव में समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट कबीरधाम द्वारा संचालित हरित भारत परियोजना के तहत सीड बॉल निर्माण अभियान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में स्व-सहायता समूह की महिलाएं, जंगल प्रबंधन समिति जीएफएमसी के सदस्य, युवा एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। अभियान का उद्देश्य वन संरक्षण, प्राकृतिक पुनर्जनन एवं पर्यावरण संतुलन को बढ़ावा देना रहा। अभियान के दौरान ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए लगभग 4 हजार सीड बॉल तैयार किए। विशेष बात यह कि इन सीड बॉल का निर्माण विशेष रूप से पीवीटीजी वर्ग की महिला किसानों द्वारा किया गया, जिससे महिलाओं की सामुदायिक भागीदारी और आजीविका संवर्धन को भी प्रोत्साहन मिला। सीड बॉल निर्माण की प्रक्रिया में मिट्टी, गोबर खाद और रेत को मिलाकर उसमें विभिन्न प्रजातियों के बीज डाले गए तथा उन्हें गेंदनुमा आकार दिया गया। तैयार सीड बॉल को आगामी वर्षा ऋतु में जंगल क्षेत्रों में फैलाया जाएगा, जिससे प्राकृतिक रूप से पौधों का अंकुरण हो सके और वन क्षेत्र में हरियाली बढ़े। अभियान में करंज, इमली, तेंदू, गुलमोहर, जामुन एवं चार जैसे उपयोगी एवं पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण वृक्षों के बीजों का उपयोग किया गया। ग्रामीणों को जंगल संरक्षण, जैव विविधता एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया। समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने बताया कि हरित भारत परियोजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जनभागीदारी बढ़ाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में मनोरंजन स्वाई, संजय मानिकपुरी, वेदप्रकाश साहू एवं बीरबल टेकाम सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# सड़क पर पानी बहाना पड़ा भारी, पेट्रोल पंप संचालक पर नपा की कार्रवाई: चन्द्रप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शहर के लोहारा नाका स्थित एक पेट्रोल पंप संचालक को सड़क पर पानी बहाना महंगा पड़ गया। लगातार शिकायतों और सड़क पर जलभराव की समस्या को देखते हुए नगर पालिका ने सख्त कार्रवाई करते हुए पेट्रोल पंप के सामने बैकहो लोडर मशीन से गहरी नाली खुदवा दी।

अब पानी सीधे निचले क्षेत्र में निकलेगा, जिससे सड़क पर पानी भरने की समस्या काफी हद तक समाप्त हो गई है। जानकारी के अनुसार पेट्रोल पंप परिसर में प्रतिदिन सुबह और शाम भारी मात्रा में पानी से सफाई की जाती थी। यह पानी सीधे सड़क पर बहता रहता था, जिससे सड़क पर कीचड़ और जलभराव की स्थिति बन जाती थी। राहगीरों और वाहन चालकों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, वहीं दुर्घटना की आशंका भी लगातार बनी हुई थी। स्थानीय नागरिकों ने इस समस्या को लेकर कई बार नगर पालिका में शिकायत दर्ज कराई थी। पालिका की ओर से पहले पेट्रोल पंप संचालक को समझाइश भी दी गई, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। इसके बाद नगर पालिका ने सख्त कदम उठाते हुए मौके पर नाली खुदवाकर पानी निकासी की स्थायी व्यवस्था कर दी।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि सड़क पर जलभराव किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पानी की बर्बादी चिंता का विषय है और इससे सड़क की गुणवत्ता पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा था। कार्रवाई के बाद अब क्षेत्र में सड़क पर पानी भरने की समस्या काफी कम हो गई है। स्थानीय लोगों और वाहन चालकों ने राहत महसूस की है। नगर पालिका की इस कार्रवाई का नागरिकों ने स्वागत किया है और सोशल मीडिया पर भी इसे प्रभावी पहल बताया जा रहा है।



#### जलभराव खत्म होने से राहगीरों को राहत

सड़क पर लगातार पानी बहने से वहां फिसलन और कीचड़ की स्थिति बन जाती थी। दोपहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता था और कई बार छोटे हादसे होने की आशंका बनी रहती थी। बारिश से पहले ही सड़क पर पानी जमा होने के कारण स्थानीय लोग भी परेशान थे। अब नाली निर्माण के बाद पानी सीधे निकासी मार्ग में जा रहा है, जिससे सड़क साफ और सुरक्षित नजर आने लगी है। आसपास के व्यापारियों और रहवासियों ने नगर पालिका की कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि लंबे समय बाद इस समस्या का स्थायी समाधान हुआ है।

# तपिश में वटर पार्क बना गांव का तलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भीषण गर्मी और 44 डिग्री के पार पहुंचे तपमान ने जन जवीन को बेहल कर दिया है, घरों में भी राहत नहीं दे पा रहे है ऐसे में गांव के बच्चों ने गर्मी से बचाने का अपना देशी उपाय खोज लिया है राम्हेपुर के आस-पास के गांव के बच्चों ने तलाब को वटर पार्क बना लिया है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130